26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 25 मार्च, 2026

अंक- 149 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# कुवैत के एयरपोर्ट पर ईरान का ड्रोन अटैक

## फ्यूल टैंक में आग लगी, इराकी लड़ाकों का अमेरिका के 23 ठिकानों पर हमला

**तेल अवीव ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 26वां दिन है। ईरान ने मंगलवार रात कुवैत के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक किया, जिससे वहां मौजूद फ्यूल टैंक में आग लग गई। कुवैत की सेना ने जवाबी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं धमाके की आवाज सुनाई दे रही है, तो वह दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराने की वजह से है। सेना ने लोगों से अपील की है कि वे सरकार के सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। इससे पहले कुवैत के नेशनल गार्ड ने बताया कि उसने अपने इलाके में 5 ड्रोन मार गिराए हैं। वहीं, इराक के एक उग्रवादी समूह इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक ने कहा है कि उसने पिछले 24 घंटे में अमेरिका से जुड़े 23 ठिकानों पर हमले किए हैं। ग्रुप के मुताबिक, इन हमलों में ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। हालांकि, इन हमलों से कितना नुकसान हुआ, इसकी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।






# दो वाहनों की टक्कर में बुजुर्ग की मौत, दो युवक घायल

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के मीरमपुर बेगा के निकट टीवीएस विक्की व मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार की शाम मंडावली क्षेत्र के ग्राम मीरमपुर बेगा के निकट करीब 70 वर्षीयं शफीक पुत्र मिट्ठू निवासी ग्राम नारायणपुर टीवीएस विक्की से मंडावली से नारायणपुर जा रहे थे, मोटर साइकिल स्प्लेंडर से फैज पुत्र मजीद एवं समीर पुत्र इरशाद निवासी दहीरपुर, मोहनपुर की तरफ से आ रहे थे, इसी दौरान दोनों वाहनों की मंडावली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मीरमपुर बेगा के निकट टक्कर हो गई। टक्कर लगने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार पहुंचे तथा उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने शफीक को मृत घोषित कर दिया एवं फैज की हालत गंभीर देखते हुए जौलीग्रांट देहरादून के लिए रैफर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने कोई भी कार्रवाई करने से मना कर दिया।

# रूठी पत्नी को मनाने गये युवक की ज़हर के सेवन से मौत

## परिवार में कोहराम मचा



**बिजनौर (चिंगारी)।** एक दर्दनाक घटना में 23 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम इनामपुरा निवासी मृतक अरविंद ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। अरविंद की शादी करीब 14 माह पूर्व बिजनौर के मोहल्ला घेर रामबाग में ओमप्रकाश की पुत्री प्रीति से हुई थी। मृतक की ढाई माह की एक बेटी भी है। बताया जा रहा है कि गत जनवरी माह से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी इसी विवाद के कारण पत्नी अपने मायके में रह रही थी। परिजनों के अनुसार, युवक कई बार पत्नी को लेने गया, लेकिन वह वापस आने को तैयार नहीं हुई। मंगलवार को भी अरविंद अपनी पत्नी को लेने गया था। इसके बाद जब वह अपने घर लौटा, तो अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे उल्टियां होने लगीं। परिजन उसे तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जहर खाने की पुष्टि की। इलाज के दौरान ही युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल मामले को लेकर तरह तरह की चर्चायें हो रही है। परिजनों को शक है कि अरविन्द को ससुराल वालों ने ज़हर दिया होगा। पुलिस जांच कर रही है।

# व्यापारी नेता ने थाना प्रभारी को गुलदस्ता भेंट किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नवाब नजीबुद्दौला मार्केट इकाई के अध्यक्ष मोनू टाटा ने नवनियुक्त थाना प्रभारी अमित कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर व्यापारी नेता ने थाना प्रभारी को व्यापारियों की समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया। थाना प्रभारी ने समस्याओं के हल का आश्वासन दिया।



थाना प्रभारी को गुलदस्ता भेंट करते व्यापारी नेता मोनू टाटा।

# देश में पहली बार इच्छामृत्यु, हरीश राणा की मौत

गाजियाबाद, 24 मार्च। हरीश राणा का आज दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे बीते 13 साल से कोमा में थे। देश के सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों उन्हें इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। हरीश राणा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल (आईआरसीएच) में भर्ती थे। उन्हें उपशामक देखभाल वार्ड में रखा गया था। अस्पताल में एक हफ्ते से उनकी गहन निगरानी जारी थी। 23 मार्च को डॉक्टरों ने बताया था। उन्हें कुछ दिन और निगरानी में रखा जा सकता है। वे पिछले एक सप्ताह से बिना खाना और पानी के जीवित थे। यह प्रक्रिया छह दिनों से चल रही थी। इस दौरान उनके माता-पिता किसी चमत्कार का इंतजार कर रहे थे। हरीश की मां अस्पताल के गलियारे में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ कर रही थीं। बेटे के निधन से पहले मां ने भावुक होकर अपनी बात कही थी। उन्होंने कहा था कि मेरा बेटा सांस ले रहा है। उसकी धड़कन अभी भी चल रही है।

# उद्योगपति राकेश अग्रवाल का हरिद्वार में किया गया अंतिम संस्कार

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर की चंद्रा कथा इंडस्ट्रीज के एमडी राकेश अग्रवाल का हरिद्वार में अंतिम संस्कार किया गया। शव यात्रा में काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि सोमवार की रात दिल्ली में उपचार के दौरान राकेश अग्रवाल (75 वर्ष) का निधन हो गया था। मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर उनके आवास चंद्रा हाउस पहुंचा था। बुधवार को सुबह उनके अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा हरिद्वार ले जाई गई। उनके निधन पर विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मौअज्जम, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, काजी आसिफ मुत्तकी, सुधीर अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल, सुहेलुर्रहमान, तनवीर अहमद, त्रिलोचन सिंह सोबती, डॉ. राजीव अरोड़ा, डॉ. एसके जौहर, डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना, मयंक कश्यप सहित काफी संख्या में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके आवास पहुंचकर संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100
*नियम व शर्तें लागू
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# बुजुर्ग दंपति की संदिग्ध मौत से कांपा मसूरी गांव

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

## पुलिस ट्रांसफार्मर हादसे को मान रही मौत की वजह, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )**। थाना क्षेत्र के गांव मसूरी में मंगलवार की रात को ऐसी दर्दनाक घटना हुई, जिसने पूरे इलाके को शोक और सन्नाटे में डुबो दिया। गांव से बाहर बने अपने घर में रह रहे बुजुर्ग दंपति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना को लेकर जहां परिजन इसे निर्मम हत्या बता रहे हैं, वहीं पुलिस इसे हादसा मान रही है।

गांव मसूरी निवासी 75 वर्षीय जीराज सिंह अपनी 70 वर्षीय पत्नी रामरति देवी के साथ गांव से बाहर बने मकान में रहते थे। उनके दोनों पुत्र अपने-अपने परिवारों के साथ गांव के अंदर पुश्तैनी घरों में रहते हैं।

बताया जाता है कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे घर के आसपास से शोर सुनाई दिया। शोर सुनकर उनका पुत्र दिनेश मौके पर पहुंचा तो देखा कि उसके पिता जीराज सिंह घर के बाहर सड़क पर गंभीर हालत में पड़े थे। वे ज़िंदगी की आखिरी सांसें गिन रहे थे। पूछने पर वे कुछ भी नहीं बता सके। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। दूसरी ओर घर के अंदर बिस्तर पर दिनेश की मां रामरति देवी मृत अवस्था में मिलीं।



मृतकों के फाइल फोटो।

इस हृदयविदारक दृश्य को देख परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे दिनेश कुमार का आरोप है कि अज्ञात बदमाशों ने उसके माता-पिता की गला दबाकर हत्या की है। उनका कहना है कि परिवार को आज बुधवार को बिजनौर के समीपवर्ती गांव सदुपुरा में भात देने जाना था, जिसके चलते घर में नकदी होने का बदमाशों ने अंदाजा लगाया होगा। हालांकि घर में 8300 रुपये सुरक्षित रखे मिले, जबकि अधिक रकम पहले ही गांव के अंदर वाले घर में रख दी गई थी। परिजनों का मानना है कि पैसा न मिलने से नाराज बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया होगा और पहचान के डर से बुजुर्ग दंपति की हत्या कर दी।

वहीं, पुलिस इस मामले को अलग नजरिए से देख रही है। एएसपी ग्रामीण के अनुसार, बुजुर्ग दंपति के घर के पास एक विद्युत ट्रांसफार्मर लगा है, जिससे करीब आधा किलो वजनी धातु का टुकड़ा गिरकर जीराज सिंह के सिर पर लगा, जिससे उनकी मौत हो गई। पत्नी रामरति देवी की मृत्यु पति की अचानक मौत के सदमे से होने की बात कही जा रही है।



पोस्टमार्टम हाउस पर इकट्ठा हुए ग्रामीण।

थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध है और हर पहलू से जांच की जा रही है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बुजुर्ग दंपति की एक साथ मौत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है, वहीं परिजन न्याय की आस लगाए बैठे हैं।

# विवेक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण



**बिजनौर ( चिंगारी )**। विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कॉमर्स के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण के अन्तर्गत पतंजलि फूडस हरिद्वार का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा उनके शैक्षिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना था। इस दौरान पतंजलि की विशेषज्ञ टीम ने विद्यार्थियों को विभिन्न खाद्य एवं आयुर्वेदिक उत्पादों की उन्नत मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की तथा उन्हें आधुनिक खाद्य एवं हर्बल उद्योग के कार्य करने के तरीकों से अवगत कराया।

यह औद्योगिक भ्रमण कंपनी के अनुभवी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह भ्रमण विजिटिंग इंचार्ज पतंजलि फूडस के एचआर एक्जीक्यूटिव कुलदीप कुमार एवं संदीप सिंह के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का उत्कृष्ट समन्वय एवं संचालन किया, साथ ही साथ विद्यार्थियों को संगठन के प्रोफेशनल वातावरण, कार्य संस्कृति तथा विभिन्न विभागों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को विस्तार से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उत्पादन इकाई की कार्यप्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों तथा सम्पूर्ण मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम को विस्तार से समझाया गया। मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का प्रत्यक्ष अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों ने यह जाना कि किस प्रकार आधुनिक तकनीकों की सहायता से उच्च गुणवत्ता के उत्पाद तैयार किये जाते हैं। विद्यार्थियों ने यह भी जाना कि उत्पादों के निर्माण में आयुर्वेदिक सिद्धातों का पालन करना, अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना तथा उपभोक्ता संतुष्टि सुनिश्चित करना किसी भी सफल उद्योग की पहचान होती है।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री अमित गोयल ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ औद्योगिक भ्रमण के द्वारा व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करना है। प्रतिकुलाधिपति ई. दीपक मित्तल ने कहा कि औद्योगिक भ्रमण प्रोफेशनल कोर्स के पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण भाग है। इससे विद्यार्थियों के रोजगार परक ज्ञान में वृद्धि होती है। कुलपति डॉ. एन.के. गुप्ता ने बताया कि यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि यह अनुभव न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान को समृद्ध किया, बल्कि उन्हें भविष्य में उद्योग जगत में सफल करियर बनाने के लिए भी प्रेरित किया।

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कॉमर्स के डीन डॉ. सर्वेश कुमार शीतल ने औद्योगिक भ्रमण के उद्देश्य बताते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को कम्पनियों की आन्तरिक कार्यप्रणाली एवं वातावरण से अवगत कराते हैं और उन्हें वास्तविक अनुभव प्रदान करते हैं जिससे उनका व्यक्तिगत विकास होता है और छात्र उद्योग जगत की आवश्यकता के अनुसार स्वयं को तैयार कर पाते हैं।

औद्योगिक भ्रमण को सफल बनाने में असि. प्रो. प्रियाशुं सहरावत, अमन रस्तौगी, श्रेया गोयल, सलोनी वत्सल आदि का विशेष योगदान रहा।

## रेलवे स्टेशन परिसर में मिला शव

नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंगलवार को रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर एक शव पड़ा मिला, जिसकी सूचना रेलवे स्टेशन चौकी को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। रेलवे स्टेशन पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि लगभग 12 बजे उन्हें सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर जीआरपी चौकी के निकट एक व्यक्ति पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि वह व्यक्ति मृत अवस्था में था। उक्त व्यक्ति की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। बताया जाता है कि मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है। उसके पास से पहचान के लिये कोई भी कागज या मोबाइल फोन आदि नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## टेलर मास्टर फुरक़ान का इंतक़ाल

बिजनौर ( चिंगारी )। स्थानीय मोहल्ला चाहशीरीं निवासी टेलर मास्टर फुरक़ान अहमद ( अरोमा टेलर्स ) की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। फुरक़ान के परिवार में कोहराम मचा है। टेलर मास्टर फुरक़ान विशेष रुप से पुलिस की वर्दी सिला करते थे। कल अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें इलाज के लिए मुरादाबाद ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। उन्हें आज ज़ुहर की नमाज़ के बाद सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके जनाज़े में लोगों की खासी भीड़ थी।

**भली लगे या बुरी ...**

## सिनेमा और अपराध

मीडिया, विशेषकर सिनेमा, टीवी व वीडियो की हिंसा कहीं वास्तविक जीवन में भी तो हिंसा नहीं बढ़ा रहे हैं। इस संदर्भ में एक चर्चित अध्ययन जापान में किया गया है। इसमें बताया गया है कि जापान में जब हिंसक सेक्स सम्बन्धी वीडियो की बिक्री ज्यादा हुई, तभी यौन अपराध भी ज्यादा बढ़े। इतना ही नहीं, अनेक यौन अपराधियों ने स्वीकार किया कि ऐसे वीडियो देखते समय उनमें इच्छा उत्पन्न हुई कि जैसे वीडियो में दिखाया गया है, वैसा ही कुछ वे करें। कुछ समय पहले पुणे में एक दर्दनाक घटना में तीन कच्ची उम्र के युवाओं ने अपने ही एक दोस्त का अपहरण किया और उसकी हत्या कर दी। बाद में पूछताछ से पता चला कि उनका यह अपराध टीवी के एक सीरियल से प्रभावित था, जिसे वे बड़े ध्यान से देखते थे।

यह घटना दर्दनाक तो बहुत है, पर नई नहीं है। ऐसे कई उदाहरण पहले भी सामने आ चुके हैं। चेन्नई के एक प्रतिष्ठित स्कूल में एक विद्यार्थी द्वारा अपने अध्यापक की हत्या की घटना के बारे में कहा जाता है कि यह एक हिंदी फिल्म से प्रभावित थी। अमेरिका के कुख्यात हाईस्कूल हत्याकांड में जिन दो छात्रों ने 12 अन्य छात्रों व एक अध्यापक की हत्या की, उनके बारे में बाद में बताया गया कि उन्हें हिंसक विडियो गेम की लत थी। कुछ समय पहले कोलकाता के कुछ युवकों ने मिलकर एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी। यह वारदात भी कुछ दिन पहले टीवी पर दिखाए गए हत्याकांड से प्रभावित थी। इनमें से एक हत्यारे युवक के सामान में से उसके द्वारा बनाई गई एक पेंटिंग भी मिली। इस चित्र में टीवी में हाल ही में दिखाए गए एक डरावने कार्यक्रम का दृश्य दिखाया गया था। एक हिंदी फिल्म से प्रभावित होकर कुछ समय पहले दिल्ली के एक स्कूली छात्र ने अपने अपहरण का नाटक कर अपने अभिभावकों व पुलिस दोनों के लिए काफी मुसीबत पैदा की। इन उदाहरणों के अतिरिक्त अनेक विस्तृत अध्ययन भी यह बता चुके हैं कि सिनेमा, टीवी व विडियो का समाज पर खतरनाक असर पड़ सकता है। अत: इस स्थिति में मुख्य रूप से सेंसर बोर्ड व उन संस्थाओं की जिम्मेदारी अधिक है, जिनके द्वारा इन्हें पास किया जाता है और निगरानी की जाती है। सरकार को भी इस दिशा में सतर्क व संवेदनशील होना चाहिए। समाज की जिम्मेदारी तो है ही।

# हुमायू कबीर-ओवेसी के गठबंधन से क्या टीएमसी कमजोर साबित होगी

**-सौरभ वार्ष्णेय**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में नये समीकरण बनने की आहट अक्सर सियासी बहस को तेज कर देती है। हाल के दिनों में हुमायू कबीर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के संभावित गठबंधन की चर्चा इसी संदर्भ में देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या इससे तृणमूल कांग्रेस कमजोर होगी? जबकि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की पकड़ बहुत मजबूत है। गांव-गांव ममता की छवि प्रभावशाली नेता के रूप में विख्यात है। ममता दीदी के नाम से सब जगह उन्हें प्यार-दुलार के रूप में देखा जाता है। ममता को कम आंकना बेइमानी होगी। वहीं भाजपा को अन्य राज्यों में हुए चुनाव में समीकरण देखने से पता चलता है कि ओवैसी की पार्टी ने कुछ हद तक प्रभाव डाला है। अब ऐसे में ममता की तीसरी पारी कैसी होगी, यह समय के गर्त में है।



पश्चिम बंगाल का चुनाव ऐसे समय हो रहा है, जहां विश्व में कई देश युद्ध की आग में झुके हुए हैं, जिससे पूरे विश्व में चीजें अवरुद्ध हो रही हैं। ऐसे ही युद्ध चलता रहा तो निश्चित ही महंगाई भी चरम सीमा पर होगी। अगर देखा जाये तो वोट बैंक की राजनीति और प्रभावित होगी। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अब तक बड़े पैमाने पर टीएमसी के साथ रहा है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की रणनीति आमतौर पर इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रही है, जैसा कि उसने बिहार और अन्य राज्यों में करने की कोशिश की। यदि हुमायू कबीर जैसे स्थानीय प्रभाव वाले नेता ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ आते हैं, तो कुछ इलाकों में वोटों का बंटवारा संभव है।

> **पश्चिम बंगाल का चुनाव ऐसे समय हो रहा है, जहां विश्व में कई देश युद्ध की आग में झुके हुए हैं, जिससे पूरे विश्व में चीजें अवरुद्ध हो रही हैं। ऐसे ही युद्ध चलता रहा तो निश्चित ही महंगाई भी चरम सीमा पर होगी। अगर देखा जाये तो वोट बैंक की राजनीति और प्रभावित होगी। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अब तक बड़े पैमाने पर टीएमसी के साथ रहा है।**

हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि इससे टीएमसी को बड़ा नुकसान होगा। इसके पीछे कुछ कारण हैं संगठनात्मक मजबूती ममता बनर्जी के नेतृत्व में जमीनी नेटवर्क काफी मजबूत है। स्थानीय बनाम बाहरी छवि बंगाल की राजनीति में बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा अहम रहता है और ओवैसी की पार्टी को अक्सर बाहरी पार्टी के रूप में देखा जाता है।

### वोट ट्रांसफर की चुनौती

गठबंधन बनने के बावजूद वोटों का पूरी तरह ट्रांसफर होना आसान नहीं होता। किन क्षेत्रों में असर संभव? सीमावर्ती जिलों और मुस्लिम बहुल सीटों- जैसे मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर में इसका कुछ असर दिख सकता है, लेकिन यह असर अधिकतर अपने रूष्टों को हराने की बजाये विपक्षी वोटों के और बिखराव के रूप में सामने आ सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इस तरह के गठबंधन का अप्रत्यक्ष फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। यदि विपक्षी वोट बंटते हैं, तो त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

### ममता का संघर्ष, सादगी और सियासत की मिसाल

भारतीय राजनीति में ममता का नाम एक ऐसे नेता के रूप में लिया जाता है, जिन्होंने ज़मीनी संघर्ष से सत्ता के शिखर तक का सफर तय किया। उनका राजनीतिक जीवन केवल पद और सत्ता की कहानी नहीं, बल्कि जिद, जनसंपर्क और निरंतर संघर्ष की दास्तान है। ममता बनर्जी का जन्म 5 जनवरी 1955 को हुआ। साधारण परिवार से आने वाली ममता ने कम उम्र में ही राजनीति में दिलचस्पी दिखानी शुरू कर दी थी। उन्होंने छात्र जीवन से ही सक्रिय राजनीति में भाग लिया और जल्द ही इंडियन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गईं। 1970-80 के दशक में उन्होंने कांग्रेस के युवा चेहरों में अपनी पहचान बनाई। 1984 में उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तृणमूल कांग्रेस की स्थापना ऐसे समय में हुई जब समय के साथ कांग्रेस में मतभेद बढ़ने लगे। 1998 में ममता बनर्जी ने अलग होकर (टीएमसी) की स्थापना की। यह कदम उनके राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। टीएमसी ने धीरे-धीरे पश्चिम बंगाल में अपनी पकड़ मजबूत की और वाम मोर्चे के लंबे शासन को चुनौती दी। 34 वर्षों से सत्ता में रही सरकार को 2011 में ममता बनर्जी ने सत्ता से बेदखल कर दिया। यह पश्चिम बंगाल की राजनीति में ऐतिहासिक परिवर्तन था। ममता बनर्जी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं और उन्होंने खुद को दीदी के रूप में जनता के बीच स्थापित किया। ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सादगी और जनसंवाद है। वे अक्सर सीधे जनता के बीच जाती हैं और खुद को एक आम नागरिक के रूप में प्रस्तुत करती हैं। उनकी सरकार ने कई सामाजिक योजनाएं शुरू कीं, जैसे कन्या श्री योजना (महिला सशक्तिकरण), सबुज साथी (छात्रों के लिए साइकिल), स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सुधार, विवाद और चुनौतियां आदि। हर बड़े नेता की तरह ममता बनर्जी का सफर भी विवादों से अछूता नहीं रहा। विपक्ष अक्सर उन पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाता है। केंद्र और राज्य के बीच टकराव भी उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है। चुनावी हिंसा और प्रशासनिक फैसलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। ममता बनर्जी का राजनीतिक जीवन यह साबित करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और जनसमर्थन से असंभव भी संभव हो सकता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की राजनीति को नई दिशा दी और खुद को राष्ट्रीय राजनीति में एक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित किया। आज वे केवल एक मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि विपक्षी राजनीति की एक मजबूत आवाज भी हैं-जो सत्ता के खिलाफ खड़े होने का साहस रखती हैं। पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी जीत की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सवाल यह है कि क्या वास्तव में भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता की दहलीज पार कर पाएगी, या फिर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एक बार फिर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखेगी।

# नई शिक्षा नीति हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है- प्रो. विमला

## आरबीडी महाविद्यालय में दो दिवसीय सेमिनार का समापन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर एवं उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान एवं शिक्षक शिक्षा विभाग के संयोजन में 'चैलेंजेस फॉर क्वालिटी हायर एजुकेशन इन प्रेजेंट सिनेरियो' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का मंगलवार को समापन हुआ।

सेमिनार के द्वितीय दिन समापन दिवस का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड के फॉर्मर प्रोफेसर एवं डायरेक्टर प्रोफेसर सी.डी. सुन्था, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च इन हायर एजुकेशन (नीपा) नई दिल्ली के प्रोफेसर प्रदीप मिश्रा, कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ. अमित कुमार बंसल, चिंगारी संपादक एवं महाविद्यालय की आईक्यूएसी के सामुदायिक सदस्य सूर्यमणि रघुवंशी, प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, सेमिनार के समन्वयक डॉ. सुरेश सिंह, सहसमन्वयक डॉ. नजमुन्निसा एवं डॉ. सारिका के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सर्वप्रथम ऑनलाइन माध्यम से मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की कुलपति प्रोफेसर विमला वाई ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर श्रोताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उदेश्य वर्तमान सामाजिक चुनौतियों से लड़ना है। यह नीति हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है। प्रो. सुन्था ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी शिक्षा व्यवस्था है। उन्होंने इमोशनल और अध्यात्मिक कोशंट की बात की। इसके बाद प्रो. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में गुणवत्तापूर्ण शोध करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे विषयों पर शोध करना चाहिए, जो समाज की वास्तविक समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करे। इसी क्रम में प्रोफेसर बंसल ने अपने संबोधन में वक्तव्य में 17 सतत विकास लक्ष्यों पर बात की।

विशिष्ट अतिथि सूर्यमणि रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोई भी दौर रहा हो, अर्जुन को धनुर्धर बनाने के लिये द्रोणाचार्य और गुरुकुल मिल ही जाते हैं, लेकिन हमारी शिक्षा नीति तब सफल कहलायेगी, जब एकलव्यों को भी शिक्षा का अधिकार सुगमता के साथ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा को समावेशी बनाने हेतु समाज की विसंगतियों पर भी कार्य करना होगा। हम शिक्षा तो दे रहे हैं, परंतु समाज समावेशी और बेहतर नहीं बन पा रहा है।

इस अवसर पर प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में कहा कि ज्ञानी, शिक्षित और डिग्रीधारक के मध्य का अंतर जितना कम कर सके उतना ही समाज और राष्ट्र का विकास हो सकेगा।

भोजनावकाश के बाद ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से दो तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, विवेक यूनिवर्सिटी, बिजनौर के डीन डॉ. राजीव कुमार, विवेक यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ साइंसेज के डॉ. एस.के त्यागी ने की। द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता वर्धमान कॉलेज बिजनौर के प्रोफेसर एस.के जोशी, वर्धमान कॉलेज बिजनौर के हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजू बंसल ने की। तकनीकी सत्र में कुल 35 शोध पत्र पढ़े गए। अंत में सेमिनार सहसमन्वयक डॉ. नजमुन्निसा ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की आख्या प्रस्तुत की तथा डॉ. सुरेश के द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. शताक्षी, डा. दीपा एवं डा. आस्था प्रताप ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में आयोजन समिति के सदस्यों डा. प्रताप सिकदर, डा. शिरीन फातिमा, डा. शताक्षी चौधरी, डा. आराधना दीक्षित, डा. शीबा, डा. मीनू सिरोही, डा. सीमा चौधरी, श्रीमती ज्योति, मुकुल पंवार, हिमानी, रुकैया, अनुष्का सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का योगदान रहा।

# टीबीमुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह की अध्यक्षता में टीबीमुक्त ग्राम पंचायत घोषित किए जाने योग्य पाई गई ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि टीबी एक गंभीर चुनौती है, लेकिन जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी और सजगता से इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है और ग्राम पंचायतों की भागीदारी से ही इस अभियान को सफलता मिल सकती है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधानों को प्रशस्ति-पत्र एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# परिणाम घोषित, मेधावी बच्चे सम्मानित



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंडरी एकेडमी नया गांव (मंडावली) में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। एमडी कुलदीप सिंह और प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने बताया कि आर्या, वन्या, आरूणिता, लियांश, हिफजा, ईशल, मानवी, हुनयन, काव्या, अवधि, मयंक पाल, वेदांत और इल्मा परवीन ने अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान, समर्थ, कुश, चांद, कार्तिकेय, कनुप्रिया, आयुष, शाद, आयुषी, वैष्णवी, कामाक्षी, यशिका ने द्वितीय स्थान तथा अमायरा, वेदिका, दिव्यांश, सूतीक्ष, अर्श, सारा, राघव, उज़ैर, प्रियांशु, हादीया, रिजा परवीन, मुनीबा और निशि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमडी कुलदीप सिंह और प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने सभी मेधावी एवं सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

# भाषण प्रतियोगिता में गुरप्रीत सिंह को मिला प्रथम स्थान

**नूरपुर ( चिंगारी )।** विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के अंतर्गत 'आपातकाल के पचास वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिये सबक' विषय पर देवता महाविद्यालय मोरना में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ताजपुर निवासी गुरप्रीत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।




कार्यक्रम का शुभारम्भ रासेयो समन्वयक डॉ. सोमपाल सिंह, सचिव वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य डॉ. लोकवीर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में अनुष्का राजपूत, देव, विशाखा, मो. योशव, वंश, निहारिका, तपस्या, दिव्या, मोनी आदि ने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य डॉ. लोकवीर सिंह, शुभम वालिया ने युवाओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उदिता राजपूत ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अमित कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ.विशाल दूबे, डॉ. सुनीता देवी, प्रो. ओपी मौर्य रहे। प्रतियोगिता में गुरप्रीत सिंह ने प्रथम, वंश गोस्वामी ने द्वितीय, खुशी विश्नोई ने तृतीय, दिव्या शर्मा ने चतुर्थ तथा अनुष्का राजपूत ने पंचम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार न होने के कारण कम प्रतिभागी पहुंच पाये। स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित न किये जाने तथा प्रतियोगिता का रिजल्ट बच्चों के सामने घोषित न किये जाने से प्रतिभागियों में मायूसी रही।

# पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के काम में तेजी लायें- सीडीओ

**बिजनौर ( चिंगारी )। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति ( शासी निकाय ) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**




बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने और छूटे हुए लाभार्थियों के कार्ड जल्द तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि केवल पात्र व्यक्तियों के ही आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और अपात्र किसी भी स्थिति में लाभ से न जुड़ें।

उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए सभी अधिकारी गुणवत्ता और मानकों का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं, एंटी स्नेक इंजेक्शन की उपलब्धता, आशा कार्यकर्ताओं के भुगतान, आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों के भुगतान की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं एमओआईसी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर से लाकर बेचते थे हथियार पुलिस ने दोनों को कर लिया गिरफ्तार

## दो पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस, दो पम्पिंग गन बरामद


पुलिस गिरफ्त में हथियार तस्कर।

**जसपुर ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस और कुमाऊं एसटीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर दो शातिर हथियार तस्करों को मय अवैध हथियारों के गिरफ्तार किया है। आरोपी अवैध हथियार बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने कार सवार आरोपियों के पास से दो .32 बोर की पिस्टल, दो 12 बोर की पंप एक्शन गन समेत दस जिंदा कारतूस और एक स्विफ्ट कार बरामद की है। मंगलवार को काशीपुर एसपी स्वप्न किशोर सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी के नेतृत्व में एसटीएफ कुमाऊं एवं जसपुर पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो हथियार तस्करों को फोरलेन स्थित पतरामपुर अंडर पास से गिरफ्तार किया। टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त शमशेर सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी ग्राम हजीरो के पास से एक .32 बोर पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और सिमरनदीप सिंह पुत्र अजमेर सिंह निवासी अंजनिया फार्म पुलभट्टा के कब्जे से एक .32 बोर पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। टीम को क्षेत्र में हथियार तस्करी की सूचना मिल रही थी। कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि आरोपियों के वाहन की तलाशी लेने पर वाहन से 12 बोर की दो पंप एक्शन गन बरामद हुई हैं। पुलिस ने हथियार तस्करी में इस्तेमाल कार को भी जब्त कर सीज कर दिया है।

आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की गई है। एसटीएफ एसआई विनोद जोशी ने बताया कि पूछताछ में पता चला है आरोपियों के तार पीलीभीत, शाहजहांपुर से जुड़े हुए हैं, आरोपी वहां से हथियार लाकर क्षेत्र में बेचते थे। कार्रवाई के दौरान भी आरोपी किसी को हथियार बेचने की फिराक में थे। बताया कि जांच में और जानकारी मिल सकती है। पुलिस टीम में एसटीएफ एसआई विनोद जोशी, महेंद्र गिरी, किशोर कुमार, वीरेंद्र चौहान, जितेंद्र कुमार, पतरामपुर चौकी इंचार्ज गोविंद सिंह मेहता, विक्रम सिंह रहे।

# छात्राओं और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के छांछरी मोड स्थित किसान इण्टर कालेज मे मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा विद्यालय की छात्राओं और महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय परिसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपनिरीक्षक मुन्नी राठी, हेड कांस्टेबल संगीता व कांस्टेबल रेनू राठी ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 112 1930 और 181 के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि जरूरत पड़ने पर इन नंबरों का उपयोग कैसे करें। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए भी प्रेरित किया, साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। इसके अलावा ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया गया। महिला पुलिस अधिकारियों ने सलाह दी कि समस्या आने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर पुलिस को अवगत करायें।

# कालियावाला मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


मंदिर कालिया वाला पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला पर आज चैत्र नवरात्रि की सप्तमी पर विशाल मेला आयोजित किया गया । जिसमें आसपास के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान मेले में सजी दुकानों पर जहां माता रानी के भक्तों ने पूजा अर्चना से संबंधित सामग्री की खरीदारी की वहीं चाट, पकौड़ी, सौंदर्य प्रसाधन आदि दुकानों पर भी पुरुषों, महिलाओं और बच्चों द्वारा जमकर खरीदारी होते देखी गई। प्रात: 5 बजे से ही श्रद्धालु परिवारों ने प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला और माता बाराही शक्ति पीठ पर पहुंचना प्रारंभ कर दिया था। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जहां पूजा अर्चना करते हुए माता रानी को नारियल एवं चुनरी भेंट की वही श्रृंगार की वस्तु अर्पित करते हुए माता रानी से सुख समृद्धि का आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर माता रानी के पारंपरिक भजनों एवं जयकारों से गुंजायमान रहा।

### सुरक्षा व्यवस्था उत्तम रही

**सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह के निर्देशन में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों को पूरे मेले में तैनात किया गया था, जिसके चलते श्रद्धालुओं को सुविधाजनक वातावरण में माता रानी के मंदिर में पूजा अर्चना का सौभाग्य प्राप्त हुआ।**

### नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान

**नगर पालिका परिषद की ओर से पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह एवं अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला के निर्देश पर विशेष सफाई अभियान चलाकर चूना आदि का छिड़काव भी कराया गया। उधर, नगर के अन्य मंदिरों पर भी आज चैत्र नवरात्रि की सप्तमी का दिन होने के कारण श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध रूप में पूजा अर्चना की।**

# देश पर कर गये जो जीवन हवन दे दीं खुशियां हमें ओढ़कर खुद कफ़न

## शहीद दिवस पर काव्य गोष्ठी आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश युवा साहित्यकार संघ के तत्वावधान में अमर शहीद सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान दिवस एवं समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जी की जयंती के अवसर पर विचार एवम काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। सोमवार की रात्रि 8 बजे मोहल्ला खातियान स्थित हरिकांत निवास पर आयोजित कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से शहीद वीरों को नमन किया। गोष्ठी में ओज के कवि राज कुमार वर्मा ने कहा कि 'देश पर कर गए हैं जो जीवन हवन, दे दी खुशियां हमें ओढ़कर खुद कफन।' अशोक कुमार का कहना था 'मृत्यु ने पहनाई थी तीनों को वरमाला, देश भक्तों ने स्वयं ही गले में फंदा डाला।' विभूति कांत शर्मा ने कहा 'गांधी तेरे देश में किस कदर धोखा हुआ, कल का गुंडा वो मवाली आज का नेता हुआ।' इस अवसर पर राम सिंह सुमन, वीरेंद्र बेताब, नरेश वर्मा, इंदु कांत शर्मा, रजनीश शर्मा, विजय जैन, दिनेश चन्द्र, नवीन, अजय पाल शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी की अध्यक्षता राम सिंह सुमन ने की तथा संचालन हरिकांत शर्मा ने किया। इससे पूर्व सरस्वती वंदना से कार्यकर्म का शुभारंभ हुआ।

# हंगामा लोक समिति ने मनाया शहीद दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुषमा रस्तौगी द्वारा माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम में समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, सुषमा रस्तौगी, सुनीता गोस्वामी, सार्थक रस्तौगी, कुलदीप आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुषमा रस्तौगी ने बताया कि यह दिन उन महान वीरों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। समिति की संस्थापिका राखी कौशिक उपासना, कौशिक ने बताया कि सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु का बलिदान हमें यह सिखाता है कि देश से बढ़कर कुछ नहीं होता। हमें उनके सपनों का भारत बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए और देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। कार्यक्रम में सार्थक रस्तौगी, सृष्टि द्वारा शहीद दिवस पर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।

# दिल्ली के करोल बाग में हुई बस दुर्घटना में धामपुर के नई सराय निवासी शाहबाज की मौत

## कल से परिवार में मचा है कोहराम

**धामपुर ( चिंगारी )।** दिल्ली के करोल बाग इलाके में झंडेवालान हनुमान मंदिर के पास मंगलवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे से धामपुर के मोहल्ला नई सराय में मातम छा गया है। हादसे में 30 वर्षीय शाहबाज आलम की मौत की खबर जैसे ही उनके घर पहुंची, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि राजस्थान से दिल्ली आ रही एक स्लीपर टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिसमें करीब 30 यात्री सवार थे। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक धामपुर निवासी शाहबाज आलम भी शामिल है।


शाहबाज आलम का फाइल फोटो

शाहबाज धामपुर में कपड़ों का काम करता था और परिवार का मुख्य सहारा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में उसके घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं। पूरे इलाके में शोक और गम का माहौल बना हुआ है।

परिजनों के अनुसार शाहबाज की शादी करीब एक वर्ष पूर्व ही हुई थी। अभी परिवार इस नई जिंदगी को संवार ही रहा था कि यह दुखद घटना घट गई। इससे पहले करीब दो वर्ष पूर्व शाहबाज की मां का भी निधन हो चुका है, जिससे परिवार पहले से ही भावनात्मक रूप से कमजोर था। बताया गया है कि शाहबाज के पिता बीमार रहते हैं और उनकी हालत को देखते हुए अभी तक उन्हें बेटे की मौत की जानकारी नहीं दी गई है। परिवार के लोग इस सदमे को सहने की स्थिति में नहीं हैं और घर में मातम पसरा हुआ है। उधर, हादसे में कई अन्य यात्री घायल हुए हैं, जिनका दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चल रहा गतिरोध समाप्त

बिजनौर (चिंगारी)। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ठा. चन्द्रवीर सिंह गहलौत ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दोनों समितियों द्वारा काटी गई रसीदों के आधार पर डयूज क्लियर करने वाले सभी अधिवक्ताओं को मत देने का अधिकार रहेगा। इसके साथ ही यदि कोई सीओपी प्राप्त अधिवक्ता अपना डयूज क्लियर करने से रह गया है तो वह आज शाम 3:00 बजे तक अपना डयूज बार कार्यालय में जमा कर सकता है। इसके बाद शीघ्र अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा।

## मतदाता सूची का समायोजन कर होगा मतदान

श्री गहलौत ने बताया कि चुनाव का अन्य कार्यक्रम पूर्व में घोषित तिथियों पर ही रहेगा।

बता दें कि बार एसोसिएशन बिजनौर के वार्षिक चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। कल यानी मंगलवार को मतदाता सूची का समयोजन न करने को लेकर अधिवक्ताओं ने काफी हंगामा हुआ। अब एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन द्वारा मतदाता सूची का समायोजन किये जाने पर सहमति दिये जाने से गतिरोध समाप्त होने की संभावना है। पूर्व में घोषित कार्यक्रम के अनुसार 27 मार्च को पुन: नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न करायी जायेगी। इसके बाद एल्डर्स कमेटी की निगरानी में 31 मार्च को मतदान होगा।

उल्लेखनीय है कि जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर पिछले काफी दिनों उठापटक चल रही है। जिसके चलते मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए एल्डर्स कमेटी की देखरेख में चुनाव कराने के आदेश दिये थे।

# प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया

नांगल सोती (चिंगारी)। भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत नांगल मण्डल में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डा. भूपेन्द्र सिंह ने की तथा संचालन मंडल महामंत्री मोहित चौहान ने किया।

मुख्य अतिथि भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री बलराज त्यागी ने 'वैचारिक अधिष्ठान' विषय पर तृतीय सत्र के मुख्य अतिथि, सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक एवं नांगल मंडल के प्रभारी डा. बीरबल सिंह ने कार्य पद्धति विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया



प्रशिक्षण वर्ग का शुभारम्भ करते भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी

तृतीय सत्र के पश्चात कार्यकर्ताओं को 'शतक' फिल्म दिखायी गयी। चतुर्थ सत्र की मुख्य अतिथि, जिला उपाध्यक्ष रजनी कालरा ने 'कार्य विस्तार' विषय पर पंचम सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया ने 'बूथ प्रबंधन एवं मन की बात' विषय पर षष्ठम सत्र में मुख्य अतिथि रहे नजीबाबाद विस क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल ने 'अपनी सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन' विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। सप्तम एवं समापन सत्र में मुख्य अतिथि रहे गोपाल धीमान ने 'सोशल मीडिया, नमो ऐप, सरल ऐप, एआई' विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।डा. फूल सिंह चौधरी, ओमकार आज़ाद, सुधीर भुईयार, वीरेन्द्र शर्मा, तपेश्वर कुमार, अरविंद शर्मा, योगेन्द्र कुमार, ममता चौहान, सहदेव प्रजापति, संदीप एड., अवधेश कुमार, अवनीश जोशी, शोभित चौधरी, अनिल सिंह, अतुल राजपूत, अतुल त्यागी, शिवलोक देशवाल, अंकित वशिष्ठ, नरेश पाल, लता बाल्मीकि, पुनीत त्यागी, घनश्याम राजपूत सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## चैत्रीय नवरात्र

### अष्टम महागौरी

26 मार्च 2026, बृहस्पतिवार



**महागौरी की उपासना नवरात्रि के आठवें दिन करने से भक्त के जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। नवरात्र के आठवें दिन कंद, फूल, चंद्र अथवा श्वेत शंख जैसे निर्मल गौर वर्ण वाली महागौरी का ध्यान-पूजन किया जाता है। इनका वाहन भी हिम के समान सफेद या गौर रंग वाला वृषभ अर्थात बैल माना गया है। इनकी चार भुजाएं हैं। इसमें ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे वाले बाएं हाथ में वर मुद्रा है। मां गौरी मनुष्य की प्रवृत्ति सत् की ओर प्रेरित करके असत् का विनाश करती हैं।**



डा. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्योहारा (बिजनौर)

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र जहांगीर आलम व उसकी पत्नी महक जो मेरे कहने में नहीं हैं और वह मेरे व मेरे परिवार वालों से अभद्र व्यवहार करते हैं, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। -**जेबुन्निशा पत्नी स्वर्गीय उमर फारुक नि. मोहल्ला गांधीनगर नूरपुर, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर (बिजनौर)।**

# तंबाकू उत्पादों की कालाबाजारी चरम पर

## 10 का पान मसाला 15 से 18 रुपये में




**नगीना ( चिंगारी )।** प्रशासन की घोर उदासीनता के चलते नगर में तंबाकू से जुड़ा व्यापार करने वाले लोगों की कालाबाजारी चरम सीमा पर पहुंच रही है। पिछले करीब दो माह से सिगरेट, गुटखा व पान मसाले की बिक्री में जमकर कालाबाजारी हो रही है।

जानकार लोगों की मानें तो देश के आम बजट से पहले ही तंबाकू से जुड़े कारोबार करने वाले लोगों ने अपने गोदाम पर स्टॉक करना शुरू कर दिया था। बजट में तंबाकू से जुड़े चीजों पर कर बढ़ने की घोषणा के साथ ही कालाबाजारी बाजार में खुलकर सामने आ गई। नगीना में गुटखा, सिगरेट, बीड़ी, पान मसाले का थोक व्यापार करने वाले लोगों ने अपने गोदाम पर पुराने प्रिंट का माल काफी मात्रा में स्टोर कर लिया था। जिसकी बिक्री अब दुकानदारों को ऊंचे दामों पर की जा रही है, जिसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। सिगरेट, गुटखा, पान मसाला खाने के शौकीन लोगों का दावा है कि प्रिंट रेट से दोगुनी और तीन गुना दाम पर बाजार में सामान की बिक्री हो रही है, लेकिन प्रशासन नाम की कोई चीज इस पर अंकुश लगाने को तैयार नहीं है। नगीना में सबसे बड़ी कालाबाजारी सिग्नेचर नाम के पान मसाले पर हो रही है, इस पर 10 प्रिंट रेट का माल खुलेआम 15 व 18 रुपए में बेचा जा रहा है। कमोबेश यही स्थिति चार रुपए बिक्री के प्रिंट वाले तानसेन पर हो रही है, जिसे 7 से 8 रुपए में बेचा जा रहा है। 20 वाली सिगरेट 25 से 28 में दी जा रही है, थोक व्यापारी के साथ-साथ छोटे दुकानदार भी कालाबाजारी में अपने हाथ गीले कर रहे हैं। प्रशासन नगर में खुलेआम हो रही कालाबाजारी की तरफ कोई नहीं ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे आम लोगों की खुलेआम खूब लुटाई हो रही है। आम लोगों का कहना है यदि प्रशासन इस कारोबार से जुड़े बड़े होलेसलरों पर छापा मारने की कार्वाई करे तो बड़ी कालाबाजारी पकड़ में आ सकती है।

### इनका कहना है..

**इस संबंध में बाट माप निरीक्षक प्रशांत त्रिपाठी का कहना है कि यह मामला अभी तक उनके संज्ञान में नहीं था। जल्द प्रिंट रेट से महंगा सामान बेचने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्वाई होगी।**

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स



BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

# स्टार हेल्थ क्लब फिटनेस सेंटर का उद्घाटन



जिम सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन करते चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील।

**नगीना ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला लुहारी सराय में स्थित स्टार हेल्थ क्लब फिटनेस सेंटर के नये भवन का उद्घाटन पालिका चेयरपर्सन के पुत्र व चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज़ खलील ने फीता काटकर किया। स्टार हेल्थ क्लब फिटनेस सेंटर के ट्रेनर राशिद मुल्तानी ने बताया कि समय- समय पर वह सेंटर पर मॉडर्न नई मशीनें अपने जिम में लगाते रहते हैं, जिससे युवा और फिटनेस प्रेमी अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि उनके यहां अत्याधुनिक मशीनों द्वारा पुरुष और महिला अपनी बेहतरीन फिजिक बना सकते हैं तथा फैट लॉस कर सकते हैं। स्टार हेल्थ क्लब फिटनेस सेंटर में मौजूद मशीनों के द्वारा एक्सर साइज़ करने से शरीर में किसी भी तरह की चोट लगने अथवा इंजरी होने की संभावना नहीं है। विदित हो कि राशिद मुल्तानी सन् 1996 में मिस्टर बिजनौर रह चुके हैं और स्टार हेल्थ क्लब फिटनेस सेंटर सन् 1996 से ही नगीना और आस पास के क्षेत्रों के युवाओं को स्वस्थ व तंदरुस्त रहने की प्रेरणा दे रहा है। इस अवसर पर अरशद जावेद एडवोकेट, शादाब अहमद एडवोकेट, शेख सद्दन, अंज़र सैफी, सुहैल भाई, मास्टर अज़ीम, शारिक मेम्बर, अफ़ज़ल कुरैशी, आलम मुल्तानी, इकराम अंसारी, शकील मुल्तानी, ओसामा, आदिल भाई नजीबाबाद, मुहम्मद गुलज़ार, अली, रोहित, हर्ष भारद्वाज, हरदीप, ज़ैद मुल्तानी, राजा मुल्तानी, समीर मुल्तानी, अमन फहद अब्दुलल्ला, मैराज आर्यन आदि फिटनेस प्रेमी उपस्थित रहे।

# नवरात्रि की सप्तमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब



मां चामुण्डा मंदिर।



मां कालिका मंदिर।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चैत्र नवरात्रि के सप्तम दिवस पर धार्मिक आस्था अपने चरम पर रही। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भक्तों ने पूरे विधि-विधान के साथ माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर बिजनौर नगर में चामुंडा धाम, काली माता मंदिर तथा शीतला माता के मंदिरों में दिनभर भारी भीड़ रही। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए मां के जयकारों के साथ मंदिरों में पहुंचते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

सप्तमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन के साथ ही



अष्टमी पूजन की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। बाजारों में कन्या पूजन के लिए उपहार, फल, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर रौनक देखने को मिली।

मंदिरों में व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए मंदिर समितियों द्वारा विशेष इंतजाम किए गए। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ साफ-सफाई और पेयजल की भी उचित व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्रि के दौरान माता रानी के दर्शन कर उन्हें विशेष आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति होती है।





# सेहत के लिये वरदान है चिया सीड्स

## कोलेस्ट्रॉल कम करे, अच्छी नींद के लिए जरूरी, हड्डियों को बनाए मजबूत

**चिया सीड्स में भरपूर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीज, ओमेगा-3 फैटी एसिड, फास्फोरस और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। यह फर्टिलिटी पावर बढ़ाने, वजन कम करने के साथ ही डाइजेशन और हड्डियों से जुड़ी तकलीफों में भी फायदेमंद है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल भी कंट्रोल रहता है। हालांकि चिया सीड्स खाने से पहले सावधानियां बरतने की जरूरत है।**

### चिया सीड्स खाने के तरीके

- चिया सीड्स फलों और दही में मिलाकर खा सकते हैं।
- छाछ में मिलाकर भी पी सकते हैं।
- ओट्स या दलिया के ऊपर डालकर खा सकते हैं।
- चिया सीड्स भिगोकर स्मूदी के ऊपर इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इन्हें भिगोकर सुबह अखरोट, बादाम या किशमिश के साथ खा सकते हैं।
- खीरा, टमाटर, चुकंदर, गाजर और सब्जियों से बने सलाद में इस्तेमाल कर सकते हैं।
- चिया सीड्स को सलाद, स्मूदी, जूस, दूध में डालकर खा सकते हैं। इनका सेवन रात की जगह सुबह करना ज्यादा फायदेमंद है।




**हाई ब्लड प्रेशर में फायदेमंद अलसी, हाई ब्लड प्रेशर में अलसी फायदेमंद है। इसके सेवन से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है और दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। अलसी में फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है। इस कारण यह बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करती है। अलसी के लड्डू, अलसी को भूनकर, सलाद में शामिल करें, लेकिन याद रखें कि अधिक मात्रा में इसका सेवन सेहत पर भारी पड़ सकता है। एक्सपर्ट के अनुसार, डेली 25 ग्राम से ज्यादा अलसी डाइट में शामिल करने से सिरदर्द, सांस लेने में दिक्कत और बेचैनी की शिकायत हो सकती है।**

### चिया सीड्स का सेवन कैसे करें

चिया सीड्स को कभी कच्चा न खाएं। इससे कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। चिया सीड्स को हमेशा भिगोकर या अन्य तरीके से इस्तेमाल करने का प्रयास करें। डाइटीशियन डॉ. अनु अग्रवाल के मुताबिक, आप एक दिन में एक चम्मच चिया सीड्स या 15 ग्राम चिया सीड्स खा सकते हैं।

### चिया सीड्स स्मूदी बनाने की रेसिपी

- कुछ अंगूर
- 1 कटोरी दही
- 1 कटा हुआ सेब
- 5-6 चम्मच भिगोए हुए चिया सीड्स
- दही और चिया सीड्स स्मूदी बनाने की विधि

*इस स्मूदी को बनाने के लिए सिर्फ 5 मिनट लगेंगे। एक बाउल में दही, भिगोए चिया सीड्स डालें। इसमें आधा कटा हुआ सेब और कुछ अंगूर मिलाएं। इसे अच्छे से मिलाएं। ये ब्रेकफास्ट के लिए बेहतर ऑप्शन है।*

### चिया सीड्स के फायदे




**फर्टिलिटी पावर को बढ़ाए:-** स्ट्रेस का सबसे बुरा असर फर्टिलिटी पर पड़ता है। लो फर्टिलिटी पावर की वजह से प्रग्नेंसी में दिक्कत आ रही है, तो डाइट में कुछ खास फूड्स को शामिल कर फर्टिलिटी पावर को बढ़ाकर जल्दी कंसीव कर सकती हैं। जी हां, चिया के बीज फर्टिलिटी पावर को बढ़ाने में मदद करते हैं। ओमेगा-3 एसेंशियल फैटी एसिड पुरुषों में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार लाता है, जिससे प्रोस्टेट को सपोर्ट में मदद मिलती है।

**वजन घटाने में मददगार:-** चिया सीड्स में भरपूर मात्रा में फाइबर और प्रोटीन पाया जाता है। इसके सेवन से पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने और वजन तेजी से कम करने में मदद मिलती है। साथ ही इससे अपच, कब्ज और गैस की समस्या में भी राहत मिलती है।

**स्किन और बालों के लिए फायदेमंद:-** प्रोटीन और मैग्नीशियम से भरपूर चिया सीड्स से स्किन ग्लोइंग और बेदाग बनती है। यह बढ़ती उम्र की झुर्रियां और फाइन लाइन्स को भी कम करता है। चिया सीड्स बालों के लिए भी फायदेमंद है।

**अच्छी नींद के लिए जरूरी:-** अनिद्रा और तनाव से परेशान हैं तो चिया सीड्स का सेवन करें है। इनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसके सेवन से चिंता, तनाव और अनिद्रा की समस्या कम हो सकती है, इससे हाई ब्लड प्रेशर का खतरा भी कम होता है।

**हड्डियों को बनाए मजबूत:-** हड्डियों से संबंधित कई बीमारियां इससे दूर हो सकती हैं। चिया सीड्स में कैल्शियम और फास्फोरस पाया जाता है, जिससे हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इसे आप स्मूदी या फलों के साथ भी खा सकते हैं।

**कोलेस्ट्रॉल कम करे:-** चिया सीड्स के सेवन से कोलेस्ट्रॉल और दिल की बीमारी नहीं होती। इसमें विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो बॉडी को डिटॉक्स कर एक्स्ट्रा फैट बाहर निकालते हैं। इससे बॉडी में कोलेस्ट्रॉल लेवल बैलेंस होता है।

### चिया सीड्स के सेवन का तरीका महत्वपूर्ण है। इनका गलत तरीके से सेवन करने से स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।

## चिया सीड्स के नुकसान

### गले में अटकने का खतरा

**चिया बीज का सेवन करते समय ध्यान रखें। एक साथ ज्यादा मात्रा में खाने से यह गले में अटक सकते हैं इसलिए ध्यान से इनका सेवन करें। छोटा साइज होने के कारण यह गले में अटक भी सकते हैं, जिससे सांस लेने में परेशानी हो सकती है।**

### लो ब्लड प्रेशर

चिया बीज में ओमेगा- 3 फैटी एसिड पाया जाता है। अधिक मात्रा में चिया बीज का सेवन करने से ब्लड प्रेशर लो भी हो सकता है। यह उन लोगों के लिए जानना जरूरी है जिन्हें पहले से लो ब्लड प्रेशर की तकलीफ है।

### दवा के साथ चिया बीज न खाएं

डायबिटीज के मरीज हैं तो चिया के बीज न खाएं। इन्हें डाइट में शामिल करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें। चिया बीज को दवा के साथ लेने से शरीर पर बुरा असर हो सकता है।

### डाइजेशन की शिकायत

चिया सीड्स में फाइबर की मात्रा ज्यादा होने की वजह से बदहजमी हो सकती है। ये डाइजेस्टिव सिस्टम को धीमा कर सकता है। फाइबर ज्यादा खाने से वजन बढ़ता है। अपच, लूज मोशन की समस्या होती है।

### एलर्जी की संभावना

चिया सीड्स ज्यादा खाने से फूड एलर्जी हो सकती है। इससे पेट दर्द, डायरिया, उल्टी की समस्याएं हो सकती हैं। कुछ लोगों को स्किन एलर्जी, जैसे बॉडी में रैशेज, खुजली, सूजन भी हो सकती है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राणा प्रियंकर के उद्योग को अनुदान के रूप में 5 करोड़ का चैक सौंपा

**धामपुर ( चिंगारी )।** मंगलवार को क्षेत्र के औद्योगिक विकास में एक माइल स्टोन स्थापित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्रीय विधायक अशोक राणा के पैतृक ग्राम ठाठजट में स्थापित वीवीआर नेचुरल प्राइवेट लि. के नाम से स्थापित उद्योग के विकास के लिये अनुदान के रूप में 5 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की। श्री अशोक राणा के सुपुत्र एवं युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद लिया और उनके कर-कमलों से 5 करोड़ रुपये धनराशि का चैक प्राप्त किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कल राजधानी लखनऊ में निवेश मित्र 3.0 पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जो उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास और इज ऑफ़ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम है। इसी कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रमुख उद्यमियों को कार्यक्रम में आमंत्रित कर उन्हें राज्य के विकास कार्यों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इसी के अंतर्गत धामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र राणा प्रियंकर सिंह को 5 करोड़ रुपए का चैक मुख्यमंत्री द्वारा भेंट किया गया है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी, सुनील कुमार शर्मा, जसवंत सिंह सैनी, प्रमुख सचिव दीपक कुमार व बीएल मीणा मुख्य रूप से मौजूद रहे। राणा प्रियंकर सिंह ने बताया कि उनके द्वारा वीवीआर नेचुरल प्रा.लि. की स्थापना से क्षेत्र के लोगों को रोजगार प्राप्त होगा तथा औद्योगिक विकास को बल मिलेगा।

# 'मान-सम्मान' के नाम पर भाजपा कार्यकर्ता से रेंजर व डिप्टी रेंजर ने 17 हजार झटके

**स्योहारा ( चिंगारी )।** वन विभाग के रेंजर धामपुर व स्योहारा वन चौकी पर तैनात डिप्टी रेंजर की भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री व प्रधान मुख्य वन संरक्षक से शिकायत की गयी। 'मान-सम्मान' मांगने का आडियो भी वायरल हुआ, लेकिन डीएफओ अभी तक मामलें से अंजान बने हुए हैं।

क्षेत्र के गांव मलकपुर बुढेरन निवासी भाजपा कार्यकर्ता चंदकान्त त्यागी ने 26 फरवरी को मुख्यमंत्री दरबार और प्रधान मुख्य वन संरक्षक से धामपुर रेंजर सुशांत गुप्ता व डिप्टी रेंजर विजय भारत की शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि उसके खेत में लगे आम के बाग से खराब पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी थी, जिस पर डिप्टी रेंजर विजय भारत ने 'मान-सम्मान' के नाम पर 17 हजार रुपये लिए थे, तब जाकर रेंजर ने फाइल साइन की थी, जिसकी एक ओडियो भी वायरल हुई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित का कहना है कि उसकी रकम वापस हो और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही हो। कार्यवाही नहीं हुई तो वह पुनः मुख्यमंत्री दरबार में अपनी अर्जी लगाएगा।

### वर्षों से जमे हैं डिप्टी रेंजर

कई वर्षों से जमे डिप्टी रेंजर पर भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद भी वन विभाग की आंख नहीं खुल रही है। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ता चंदकांत त्यागी का कहना है कि भाजपा की सरकार को बदनाम कर रहे डिप्टी रेंजर पर कार्यवाही हो और यहां से हटाया जाए।

-मुझे शिकायत की जानकारी नहीं है, एक आडियो वायरल हुई थी, उसकी पूर्ण जानकारी नहीं हो पायी है, अगर कोई शिकायत आती है तो जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी। **-डीएफओ बिजनौर**

-शिकायतकर्ता द्वारा कोई शिकायत मेरे पास नहीं है और लखनऊ से भी कोई शिकायती-पत्र नहीं आया है। शिकायतकर्ता को शिकायत डीएफओ से करनी चाहिए, मैं जांच कराकर कार्यवाही करवाऊंगा।

**-कंजरवेटर मुरादाबाद**

# ख़बर छपते ही सीधा कर दिया बिजली का खंभा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सप्ताह भर पूर्व आए तेज आंधी-तूफान से सीरवासुचंद में त्रिलोकपुर/ पुक्खेवाला बाईपास रोड पर सलाउद्दीन अंसारी के घर के सामने रोड पार किनारे खड़ा हाईटेंशन विद्युत लाइन का खंभा तिरछा हो गया था, जो दुर्घटना को दावत दे रहा था। साथ ही इसी आंधी में मानियावाला निवासी युवा भाजपा नेता ऋषभ चौहान व उसके चाचा के खेत के ट्यूबवैल कनेक्शन के तीन विद्युत पोल भी टूटकर धराशायी हो गए थे, जिन्हें सप्ताह भर से अधिक बीत जाने पर भी ठीक नहीं कराया जा रहा था। इस समस्या को चिंगारी ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद जागे विद्युतकर्मियों ने सीरवासुचंद का तिरछा खंभा भी सीधा कर दिया और मानियावाला के तीनों खंभे सही कर दिये, जिसे लेकर ग्रामीणों ने जहां चिंगारी को धन्यवाद दिया, वहीं क्षेत्रीय अवर अभियंता हर्ष शर्मा का भी आभार जताया है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# बिना सूचना दिये खेतों में खड़े पेड़ कटवाने से किसानों में रोष

**शेरकोट ( चिंगारी )।** विद्युत लाइन के पास खेतों में खड़े पेड़ों को बिना सूचना दिये काटवाए जाने से किसानों में रोष व्याप्त है। इस मामले में एक किसान ने पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के जेई पर खेत में खड़े पेड़ों को बिना सूचना दिये काटवाकर फसल को नुक्सान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार की है।

नगर के मौहल्ला फतेहनगर निवासी किसान निशांत चौहान पुत्र जयपाल सिंह के मुताबिक उनका खेत नयागांव मार्ग पर स्थित है। निशांत का आरोप है कि गत 18 मार्च को नया गांव स्थित पावर हाउस के जेई द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उनके खेत में लगे पापुलर के पेड़ों को कटवा दिया गया और काटे गए पेड़ों को उनके खेत में खड़ी सरसों फसल पर गिराकर फसल का नुक़सान कर दिया। किसान का कहना है कि विद्युतकर्मियों के इस अवैध और अन्यायपूर्ण कार्य से उन्हें काफी आर्थिक नुक़सान हुआ है। किसान ने पुलिस से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने और नुक़सान की भरपाई कराने की मांग की है। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वर्ड ऑफ द डे क्विज के आयोजन में उत्कर्ष राठी ने पाया पहला स्थान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज की इंग्लिश लिटरेरी सोसाइटी द्वारा मंगलवार को वर्ड ऑफ द डे क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी भाषा दक्षता एवं शब्द ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों की शब्दावली को समृद्ध करना तथा अंग्रेजी भाषा के प्रति उनकी रूचि को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न चरणों में प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता और भाषाई कौशल का प्रभावशाली परिचय दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं भाषा कौशल को सुदृढ़ करने में अत्यंत सहायक होती है। कार्यक्रम में सोसायटी की समन्वयक डा. विनीता पांडेय, कोषाध्यक्ष डा. रजनी शर्मा तथा सदस्य डा. पारूल की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में उत्कर्ष राठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, रिद्धी चावला द्वितीय स्थान पर रही तथा अनन्या रस्तोगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# लाभार्थियों, खिलाड़ियों, श्रमिकों को सम्मानित किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था, युवा रोजगार व सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों के सम्बन्ध में विकसित भारत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी दिये गये। जलीलपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती कुंतेश देवी ने सरकार की उपलब्धियों के सम्बन्ध में उपस्थित लोगों को जानकारी भी दी। कार्यक्रम में 5 खिलाड़ियों व मनरेगा के तहत 9 वर्षो में 100 दिन का कार्य पूरा करने वाले श्रमिकों को सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी जलीलपुर अरूण कुमार, खंडशिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कमिश्नर मनरेगा आरबी यादव, अधिशासी अभियंता फिरोज, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मीनू राजपूत, नवनीत राणा, राकेश सैनी, प्रधान संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, परीक्षित गुर्जर, सचिन शर्मा, महेन्द्र सैनी, सोनू चौहान, देवेन्द्र सिंह, खजान सिंह, प्रधान राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने नगर पालिका के नामित सदस्यों को शपथ दिलाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद सभागार में मंगलवार रि दोपहर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार से नामित होकर आए पांच सभासदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम व अधिशासी अधिकारी प्रिंस कुमार की उपस्थिति में एसडीएम शैलेंद्र कुमार ने पांच नामित सभासदों कलवा शेख मंसूरी, नमन अग्रवाल, अभिषेक यादव, राघव वशिष्ठ व गीता कैशले को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की महिला आयोग की सदस्या संगीता जैन, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, जिला महामंत्री बलराज त्यागी, राजन टंडन गोल्डी, नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल तथा पांचों नामित सभासदों का ईओ ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने उत्तर प्रदेश सरकार के नगर पालिका बोर्ड का परिवार 25 सभासदों से बढ़ाकर पांच सभासद नामित कर 30 किये जाने पर खुशी जताते हुए इसमें सभी वर्गों की भागेदारी को एक गुलदस्ता बताया। उन्होंने नामित सभासदों से उम्मीद जताई है कि वह नगर के विकास में बोर्ड को अपना पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। महिला आयोग की सदस्या संगीता जैन, वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी व नकुल अग्रवाल ने नामित सभासदों को बधाई देते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियां व जनहित में किये जा रहे कार्य के बारे में बताया। संजय सैनी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका के राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान, वरिष्ठ लिपिक अफजाल अहमद, एकाउंटेंट इनामुल हक, सभासद व जिला योजना समिति के सदस्य सरफराज अहमद, सभासद इरशाद अहमद, शिवम अग्रवाल, राकेश कुमार, मौ. अच्छन राईन, शजर तैयब, मौ. अफजल, रिजवान अहमद, निर्देश देवी, भाजपा नेता राजकुमार प्रजापति, परविंदर सिंह, रूस्तम यादव, रमजान अहमद, हाजी युनूस, नदीम सिद्दीकी, नौशाद अहमद, गायत्री निराला, मधु माहेश्वरी, गुलाम रसूल, सलाहुद्दीन सैफी, रशीद अहमद, पीयूष, संजीव अग्रवाल, कमल बंधु, अनुज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल सहित नगर के काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नामित सभासद व अतिथिगण।

# बीटेक व पॉलिटेक्निक छात्रों ने किया चीनी मिल का औद्योगिक भ्रमण

## चीनी निर्माण प्रक्रिया की ली जानकारी



भ्रमण करने द्वारिकेश मिल पहुंचा नॉर्थ इंडिया के छात्रों का दल।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, नजीबाबाद के तत्वावधान में बीटेक एवं पॉलिटेक्निक छात्रों का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, द्वारिकेश नगर बुंदकी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना रहा। भ्रमण का नेतृत्व पॉलिटेक्निक प्रिंसिपल मनिक गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक शिव कुमार, ब्रजमोहन, विक्रम सिंह, सीएस. चौहान, अनीता रावत सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। छात्रों को औद्योगिक कार्यप्रणाली की बारीकियों से अवगत कराया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल एवं कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। संस्थान की प्राचार्या डॉ. शिवानी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए ऐसे भ्रमणों को तकनीकी शिक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने गन्ने की पेराई, रस निष्कर्षण, शुद्धिकरण एवं चीनी निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। मिल के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मशीनों की कार्यप्रणाली एवं सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रिंसिपल ने द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के जीएम एवं सीसीओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी अनुमति एवं सहयोग से छात्रों के कौशल एवं ज्ञान में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह औद्योगिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा तथा इससे उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में समझने का अवसर मिला।

# 'हार' को फूलों का हार मानकर गले में डालें: डॉ. मौसम सिन्हा

नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी, नजीबाबाद में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, देहरादून क्षेत्र की ओर से लर्निंग आउटकम एंड पैडागोगीज विषय पर शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन डॉ. मौसम सिन्हा ने कार्यशाला में अपने विषय को रखते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत छात्रों के शैक्षिक उन्नयन हेतु अनेक परिवर्तन हुए है। इसके अन्तर्गत अब लर्निंग टीचिंग प्रोसेस पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। विद्यालय में शिक्षा छात्र केंद्रित हो गयी है जिसके आयाम स्वचिंतन, सकारात्मक बुद्धिमत्ता संकल्प क्रिया आदि है। छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा बनाये रखने लिए उन्हें सिखाना होगा कि हार को फूलों का हार मानकर गले में डाल लेना चाहिए और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना चाहिए। मुरादाबाद से आये सीबीएसई के दूसरे रिसोर्स पर्सन डॉ. एम कुमार ने शिक्षा के उद्देश्य व उसके प्रभाव पर प्रशिक्षण देते हुए बच्चों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर प्रकाश डाला। नेहूल अग्रवाल व आशुतोष कुमार का सहयोग रहा। कार्यशाला की निर्देशक व विद्यालय की प्रधानाचार्य अनिता सिवाच ने प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों को कार्यशाला में बताये बिंदुओ से छात्रों को लाभ पहुंचाने को कहा। कार्यशाला का संचालन हार्दिक गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



कार्यशाला में मौजूद छात्र व शिक्षक।

# गर्ल्स कॉलेज का वार्षिक परिणाम रहा 98 प्रतिशत, मेधावी छात्राएं पुरस्कृत

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इण्टर कॉलेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा, प्रबंधक मौ. यूनुस, डायरेक्टर खुर्शीद आलम एड ने सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रबंधक मौ. यूनुस ने विद्यालय में उपस्थित अभिभावकों को बच्चों के बेहतरीन परीक्षाफल के लिए बधाई दी। समस्त छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से स्कूल भेजने की सलाह दी। कक्षा 8 की छात्रा फायजा परवीन पुत्री अलताफ हुसैन ने विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर टॉप किया। बेस्ट एंकरिंग का पुरस्कार कक्षा 11 की छात्रा आयशा परवीन को दिया गया। शत प्रतिशत उपस्थित का पुरस्कार कक्षा 8 की छात्रा वजीहा को दिया गया। विद्यालय डायरेक्टर खुर्शीद आलम एड. ने सभी पुरस्कृत विद्यार्थियों व उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या ने बताया कि इस सत्र विद्यालय का परीक्षाफल 98 प्रतिशत रहा है।





# अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की कैंटीन बंद होने से पर्यटकों को दिक्कत

## सूखे पड़े हैं वाटर होल


खराब होने की वजह से सूखा पड़ा वाटर होल।


वर्तमान में बंद पड़ी कैंटीन।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थलों में शामिल अमानगढ़ टाइगर रिजर्व इन दिनों पर्यटकों की बढ़ती संख्या के बावजूद मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। विशेष रूप से वन क्षेत्र के भीतर झिरना गेट के समीप स्थित कैंटीन के बंद होने से पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।**

पर्यटन सत्र के दौरान अमानगढ़ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक वन्यजीवों, खासकर बाघों के दीदार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में कैंटीन जैसी आवश्यक सुविधा का बंद होना उनकी यात्रा के अनुभव को प्रभावित कर रहा है। सबसे अधिक परेशानी उन पर्यटकों को हो रही है जो परिवार के साथ यहां आते हैं। लंबी दूरी तय कर पहुंचने के बाद उन्हें खाने-पीने के लिए बाहर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे उनका समय और ऊर्जा दोनों व्यर्थ हो रहे हैं। इसका सीधा असर क्षेत्र की पर्यटन छवि पर भी पड़ रहा है। पूर्व में कैंटीन नियमित रूप से संचालित होती थी, जिससे पर्यटकों को काफी राहत मिलती थी। लेकिन वर्तमान में इसके बंद होने से न केवल पर्यटक परेशान हैं, बल्कि इससे जुड़े स्थानीय रोजगार पर भी असर पड़ा है।

इसके साथ ही वन क्षेत्र के भीतर स्थित वाटर होल नंबर 5, नंबर 7, झिरना गेट तथा फक्कड़ चौराहे पर बने पक्के वाटर होल फट जाने के कारण उनमें पानी ठहर नहीं पा रहा है, इससे वन्यजीवों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी की उपलब्धता कम होने से वन्यजीवों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। जिसका असर सीधे तौर पर पर्यटकों को उनके दीदार कम होने के रूप में दिखाई दे रहा है। इस संबंध में डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाहा का कहना है कि वाटर होल को शीघ्र मरम्मत कराया जाएगा। साथ ही कैंटीन किन कारणों से बंद है, वह देखकर बता पाएंगे।

---

**सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी**

## अफसर हमराह सुब्हाना

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। पास के ग्राम जिकरीवाला के पूर्व ग्राम प्रधान एवं राशन डीलर सईदुर्रहमान अंसारी के भतीजे एवं वर्तमान प्रधानपति वहीदुर्रहमान अंसारी के साहिबजादे मौ. अफसर का निकाह/विवाह पास के ग्राम मानियावाला निवासी वसीम अंसारी की साहिबजादी सुब्हाना परवीन के साथ अफजलगढ़ के एक बैंकट हॉल में खुशनुमा माहौल में बड़े ही धूमधाम के साथ मुकम्मल हुआ। इस मौके पर दोनों ओर के घर-परिवार वालों, तमाम रिश्तेदारों, दोस्त-अहबाब, सामाजिक एवं सियासी नेताओं, ग्राम प्रधानों, उलेमा-ए-किराम व जिम्मेदार लोगों ने शिरकत कर दूल्हा-दुल्हन को नेक दुआओं से नवाजा। चिंगारी नवदंपति के सुखद जीवन की कामना करता है।**

---

## खाद्य विभाग की टीम ने की छापेमारी

**नहटौर (चिंगारी)। खाद्य विभाग की टीम ने नहटौर नगर में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने तीन स्थानों से सेंपलिंग ली। मंगलवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह के नेतृत्व में टीम ने नगर की किराना स्टोर आदि दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने साबूदाना, मावा, रंगीन कचरी आदि का सेंपल भी लिया।**


नहटौर स्थित एक दुकान पर जांच पड़ताल करते हुए खाद्य विभाग की टीम।

---

## नामित सदस्य क्षेत्र के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभायें : एसडीएम



**स्योहारा (चिंगारी)।** उपजिलाधिकारी ने मंगलवार को नगर पालिका सभागार में नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने सभी नामित सदस्य सुरेंद्र कुमार अरोड़ा, अमित शर्मा, पंकज सैनी, मनोज भटनागर को संबोधित करते हुए कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि सदस्य जनहित को सर्वोपरि रखते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। शपथ ग्रहण के बाद सभी सदस्यों ने अपने-अपने दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने नामित सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल, भाजपा नेताओं सहित अन्य सभासद और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

---

## नर्सरी बी की टॉपर बनी आयशा दानिश

**नहटौर (चिंगारी)।** साईं मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नहटौर में नर्सरी बी में आयशा दानिश निवासी हाथी मंदिर, झील कालोनी, नहटौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयशा द्वारा शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये गये। स्कूल प्रिंसिपल कंचन शर्मा ने आयशा दानिश को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नवेद इकबाल, अंजलि जैन, क्लास टीचर चांदनी जुनेजा, दानिश अहमद सीएचसी नहटौर आदि उपस्थित रहे।


छात्रा को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्या

---

# चाचा नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज का प्रबंध समिति चुनाव सम्पन्न

# विपिन कुमार चुने गये प्रबंधक

**नहटौर (चिंगारी)।** चाचा नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज बालापुर अखेड़ा के प्रबंध समिति चुनाव में विपिन कुमार 96 मत पाकर प्रबंधक पद पर निर्वाचित हुए। इनके अलावा सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण शेष कमेटी निर्विरोध निर्वाचित हो गई है।

चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सिंह एडवोकेट के

### सूरजपाल सिंह अध्यक्ष, प्रेम सिंह अखेड़ा कोषाध्यक्ष चुने गये

नेतृत्व में प्रबंध समिति चुनाव संपन्न हुआ। प्रबंधक पद के लिए विपिन कुमार बालापुर व विजयपाल सिंह साहनपुर द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल किये। मतदान प्रक्रिया में 167 मतदाताओं में से 114 मतदाताओं द्वारा अपने मत का प्रयोग किया गया। मतगणना में विपिन कुमार बालापुर वाले 96 मत प्राप्त कर विजय हुए। वहीं विजयपाल सिंह को 15 मत मिले। तीन मत निरस्त पाए गए। इनके अलावा अध्यक्ष पद पर सूरजपाल सिंह नन्हेड़ा, उपाध्यक्ष पद पर हिरेंद्र सिंह पहाड़पुर, उपप्रबंधक पद पर बाबू खां धनपुरा, कोषाध्यक्ष पद पर प्रेम सिंह अखेड़ा, सदस्य पद के लिए मदनपाल सिंह, महाशय धर्मपाल सिंह आदि के एकल नामांकन होने के चलते सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रबंध समिति चुनाव के उपरांत सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।



## चुनाव की जानकारी नहीं : डीआईओएस

चाचा नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, बालापुर अखेड़ा की प्रबंध समिति के चुनाव के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव ने बताया कि उन्हें चुनाव के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। उनके समक्ष अभी कोई पत्रावली नहीं आई है। वहीं, नवनिर्वाचित प्रबंधक विपिन कुमार ने बताया 23 फरवरी को हाईकोर्ट के आदेश पर चुनाव प्रक्रिया हुई है, जो समिति पहले से कार्यरत है, उसे अप्रूवल लेने की जरूरत नहीं है। डीआईओएस कार्यालय को तीन बार चुनाव कार्यक्रम भेजे गए थे, लेकिन उनके द्वारा कोई अग्रिम कार्रवाई नहीं की गई, जिस पर माननीय न्यायालय के आदेश पर नियमानुसार चुनाव कराया गया है।

# डीडीओ के विरूद्ध डीएम से मिले कर्मचारी

## समस्याओं का समाधान न होने पर करेंगे आंदोलन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उ.प्र. राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा एवं उ.प्र. राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष धीरज सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिला तथा उन्हें जिला विकास अधिकारी बिजनौर द्वारा उनके विभाग के कर्मचारियों का अनावश्यक रूप से उत्पीड़न किये जाने की जानकारी देते हुये बताया कि श्रीमती नीतू चौधरी, वरिष्ठ सहायक को बिना किसी कारणों के निलंबित कर दिया गया। राजीव कुमार त्यागी, वरिष्ठ सहायक की बिना किसी कारण के वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी गई तथा प्रतिकूल प्रतिष्टि दी गयी। अनुराग कुमार का 8 सितम्बर 2025 को स्वर्गवास हो गया था, परंतु अभी तक उनकी पारिवारिक पेंशन नहीं बनाई गई है। जिला विकास अधिकारी के इन कृत्यों से कर्मचारियों में रोष है। महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि इन समस्याओं के निराकरण के लिये पूर्व में जिला विकास अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से भी संपर्क किया जा चुका है। यदि अब शीघ्र ही इन समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कर्मचारियों को विवश होकर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आश्वस्त किया कि इन प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही की जायेगी तथा दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही भी की जायेगी। साथ ही किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में कुलदीप राजपूत जिलाध्यक्ष ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जनपद बिजनौर, पंकज चौधरी उपाध्यक्ष कर्मचारी महासंघ, क्रांति कुमार शर्मा जिला मंत्री संयुक्त परिषद, अशोक कुमार यादव जिलाध्यक्ष मिनि एसो. एजूकेशन विभाग, जोगेन्द्र भारती, जयप्रकाश पाल पूर्व जिलाध्यक्ष पंचायत सफाई कर्मचारी संघ, वीर सिंह, राजीव कुमार त्यागी एवं श्रीमती नीतू चौधरी रहे।

# सिद्धबली मंदिर पर 29 को होगा भावपूर्ण भण्डारा




**बिजनौर ( चिंगारी )।** आस्था, सेवा और श्रद्धा के संगम के रूप में कोटद्वार के प्रसिद्ध सिद्धबली मंदिर में एक भावपूर्ण भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। निकटवर्ती ग्राम चौहड़पुर, नहटौर निवासी सर्व श्री ब्रजपाल सिंह, समरपाल सिंह (संस्थापक करन हास्पिटल) व योगेन्द्र देशवाल आदि द्वारा 9 मार्च प्रातः 6 बजे से शुरू होकर भण्डारा प्रभु इच्छा तक चलेगा। प्रभु के आशीर्वाद के साथ यह भण्डारा एक पिता चौधरी ब्रजपाल सिंह द्वारा अपने ज्येष्ठ पुत्र स्व. मनोज देशवाल की पुण्य स्मृति (इच्छा) में आयोजित किया जा रहा है। चौधरी समरपाल सिंह (चाचा) ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व काल के क्रूर हाथों ने अल्पायु में ही में ही मनोज को हमसे छीन लिया था। मनोज द्वारा ही उक्त भण्डारे की बुकिंग करायी गयी थी। उन्होंने धर्मप्रेमियों का आह्वान किया है कि वे बाबा के दर्शन कर तथा भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**नूरपुर ( चिंगारी )। चांदपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के गांव बीरबलपुर उर्फ बूढ़पुर निवासी जोगेश ( 52 ) मंगलवार की देर शाम करीब 7:30 बजे बाइक द्वारा किसी काम से चांदपुर मार्ग पर गया था। क्षेत्र के गांव आजमपुर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा दी गई हादसे की सूचना पर गोरक्षाधाम पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने घायल को निजी एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।**

# मंडावर नगर पंचायत में नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ

**मंडावर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित तीनों सभासदों को उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी रामाश्रय द्वारा शपथ दिलाई गई। शासन द्वारा नामित किए गए सभासद प्रिंस विलियन, कैलाश कश्यप व सौरभ कर्णवाल को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलाई गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मौ. आसिफ शान ने नामित सभासदों को बधाई देते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य की योजनाओं में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि कस्बे के विकास में पक्ष, विपक्ष का सहयोग आवश्यक है। वहीं भाजपा नेता व नगर पंचायत पद के पूर्व प्रत्याशी मौ. अजमल उमर ने नामित सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि अब नगर पंचायत में छः सभासद भाजपा के हैं, हमें उम्मीद है कि सभासदों को नगर पंचायत में पूरा सम्मान मिलेगा। शासन द्वारा नामित सभासदों में दो भाजपा व एक सभासद लोकदल के खाते से बनाया गया है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष



मनोज अहलावत, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, पूर्व सभासद संजय पुष्पक, शहजाद अहमद सिद्दीकी, निमित अग्रवाल, रॉबिन विलियन, शाकिर कुरैशी, विनीत अग्रवाल, सभासद मूला मुकीम, महेश कश्यप, धीर सिंध कनवाल, अनिल कुमार, दिनेश पुष्पक आसिफ़ मकरानी, आसिफ तुर्क, गुल्लू कुरैशी, काला कुरैशी, हसनैन कुरैशी, ताजिम मिर्ज़ा, रानू कर्णवाल, प्रेम कुमार विलियम आदि मौजूद रहे।

## सब खुश नज़र आये

***नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह बेहद खुशनुमा माहौल में सम्पन्न हुआ। पक्ष और विपक्ष के सभी सभासद खुश नजर आये। समर्थकों ने भी खुशी का इजहार किया। चेयरमैन मौ. आसिफ शान ने अपने विपक्षी भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी मौ. अजमल उमर का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया।***



# खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली



**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्री श्याम मित्र मंडल बिजनौर द्वारा गत रात्रि नगर में भव्य एवं विशाल निशान यात्रा निकाली गई। रामलीला ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर निशान यात्रा नई बस्ती स्थित शिव मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। निशान यात्रा में बाबा खाटू श्याम के भक्तों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस दौरान नगर का वातावरण बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। श्याम बाबा की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। बाबा श्याम के भक्तों ने गीतों और भजनों पर खूब नृत्य किया। निशान यात्रा के संचालन में क्षितिज वर्मा उर्फ चीनू, अनिल गम्भीर, संजय गुप्ता, परवीन गम्भीर, रचित गोयल, अंशुमान कौशिक, विक्की गुप्ता, विधान, राघव पंडित, दीपक गर्ग मोनू आदि का सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि 27 मार्च को नुमाइश ग्राउंड में भव्य संकीर्तन आयोजित किया जायेगा, जिसमें दिल्ली से शीतल पांडे, वैष्णवी कला मंच मुरादाबाद के राहुल और बिजनौर के चिराग भटनागर बाबा श्याम के भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनायेंगे।

# साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

## लैपटॉप, मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज व नगदी बरामद नौकरी के नाम पर युवतियों से कराता था ठगी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6 लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज और नगदी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से जांच में सामने आया कि 12 फरवरी से 20 फरवरी 2026 के बीच चार संदिग्ध मोबाइल नंबरों से साइबर ठगी की घटनाएं की जा रही थीं। इन नंबरों के खिलाफ गृह मंत्रालय के एनसीआरपी पोर्टल पर विभिन्न राज्यों से कई शिकायतें दर्ज थीं, जिनमें हजारों रुपये की ऑनलाइन ठगी की गई थी। जांच के दौरान थाना नजीबाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मीसम जाफरी पुत्र तनवीर हैदर निवासी विजय नगर, नजीबाबाद मूल निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना किरतपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने



एनएसडीएल की डिस्ट्रीब्यूटर्शिप लेकर लॉगिन हासिल किया और 25 हजार रुपये देकर करीब 5000 जनसेवा केंद्र संचालकों का डाटा जुटाया। इसके बाद वह नौकरी की तलाश कर रही युवतियों को झांसे में लेकर उनके नाम पर सिम कार्ड और बैंक खातों की जानकारी प्राप्त करता था। आरोपी अपनी बनाई वेबसाइटों के माध्यम से आधार व पैन कार्ड में सुधार के नाम पर लोगों से जानकारी भरवाता और कॉलिंग कराकर पेमेंट लिंक/बारकोड भेजकर ठगी करता था। युवतियों को 5000 रुपये मासिक वेतन का लालच दिया जाता था और कुछ समय बाद उन्हें हटा दिया जाता था ताकि संदेह न हो। पुलिस के अनुसार आरोपी काम पूरा होने के बाद सिम कार्ड नष्ट कर देता था, जिससे साक्ष्य मिटाए जा सकें। उसने यह भी स्वीकार किया कि बरामद लैपटॉप और मोबाइल साइबर ठगी से अर्जित धन से खरीदे गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी से 6 लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन 1 एंड्रॉयड व 9 कीपैड, फर्जी आधार कार्ड और 4200 रुपये बरामद हुए। गिरोह का पर्दाफाश करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, उपनिरीक्षक सौरभ सिंह सहित साइबर टीम व साइबर सेल के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## वित्तविहीन शिक्षकों को भी कैशलेस शिक्षा में सम्मिलित किये जाने की मांग



**किरतपुर ( चिंगारी )।** श्री नारायण दास रस्तोगी बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, किरतपुर, बिजनौर में माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक संघ बिजनौर की एक बैठक जसवीर सिंह अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं सत्यप्रकाश वरिष्ठ उपाध्यक्ष के संचालन में संपन्न हुई। कैशलेस चिकित्सा के संदर्भ में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी कि वित्तविहीन शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा में सम्मिलित किया जाएगा, परंतु माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में वित्तविहीन की 70 प्रतिशत भागीदारी होने के उपरांत भी उनकी उपेक्षा की जा रही है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर मांग की गई कि शीघ्र ही वित्तविहीन शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा में सम्मिलित किया जाए। साथ ही बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया कि आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव में संगठन के किसी कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया जाए। बैठक में डॉक्टर इंद्रपाल सिंह यादव, प्रदेश महासचिव सुरेंद्र प्रकाश भटनागर, संरक्षक मास्टर रामस्वरूप सिंह, संगठन मंत्री मास्टर कैलाश चंद, संगठन मंत्री चंद्रभान सिंह, महामंत्री देवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष विरनिश कुमार, सुधीर कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, राजेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## जेपी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड, चांदपुर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। रिजल्ट पाकर छात्र खुशी से झूम उठे। विद्यालय की प्रबंधक नीतू गुप्ता ने प्रेरणादायक विचारों से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें अपनी कमजोरियों को सुधारने और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



## बार एसोसिएशन ने मंदिर में कराया फलाहार कार्यक्रम

### रमज़ान में कराई थी रोज़ा इफ्तारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर की ओर से नवरात्रि के पावन अवसर पर मंगलवार शाम राधा कृष्ण मंदिर, मोहल्ला गुजरातियान धामपुर में फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मां दुर्गा की आराधना के बाद प्रसाद ग्रहण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के संरक्षक अनिल शर्मा एडवोकेट, अध्यक्ष आर.के.आर्य एडवोकेट ने कहा कि बार के द्वारा रमजान के पवित्र माह में जिस प्रकार रोजा इफ्तारी कराई जाती है, उसी प्रकार नवरात्रों के दिनों में फलाहार का कार्यक्रम कर अधिवक्ता एकता, अखंडता और मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से क्षेत्रीय बार द्वारा रोजा इफ्तारी में हिन्दू ओर मुस्लिम



अधिवक्ता साथी मौजूद रहते हैं इसी तरह फलाहार कार्यक्रम में भी दोनों अधिवक्ता साथी मौजूद रहते हैं।

इस अवसर पर एसोसिएशन धामपुर के संरक्षक हितेश भटनागर एडवोकेट, अनिल शर्मा एडवोकेट, शहीद सुरी एडवोकेट, अध्यक्ष आर.के. आर्य एडवोकेट, महासचिव अली खान एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष विवेक राज सोनी एडवोकेट, संयुक्त सचिव शाहबाज एडवोकेट, मीडिया प्रभारी आयुष कौशिक, पवन सलूजा, सुमित सिसोदिया, अनिल कुमार, जितेंद्र सिंह, रामवीर सिंह एडवोकेट, नीतू सिंह एडवोकेट, शुभम चौहान एडवोकेट, सहजाद अली एडवोकेट, सरफराज हुसैन एडवोकेट, प्रशांत चौधरी एडवोकेट, लकी आलम एडवोकेट, मोहमद कैफ एडवोकेट, मोहम्मद शहजाद एडवोकेट, कृष्णगोपाल अग्रवाल, नबील अहमद एडवोकेट, डॉक्टर अशोक कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संकेत अग्रवाल एडवोकेट का विशेष सहयोग रहा।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


# एम्स में कोलन कैंसर जागरूकता माह के तहत कार्यक्रम आयोजित

## फास्टफूड, रेडमीट, शराब आदि हैं इसके कारण : डॉ. अमित



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण भारत में कोलोरेक्टल कैंसर बड़ी आंत और मलाशय का कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह समस्या अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं में भी इसके मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। एम्स, ऋषिकेश के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के तत्वावधान में कोलन कैंसर जागरूकता माह के तहत ओपीडी परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कोलोरेक्टल कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के विषय में मरीजों व उनके तीमारदारों को विस्तृत जानकारी दी।

### कोलन कैंसर के कारण

कार्यक्रम के दौरान कैंसर चिकित्सा विभाग के सह आचार्य डॉ. अमित सहरावत ने बताया कि कोलोरेक्टल कैंसर भारत में छठवें स्थान पर सबसे अधिक होने वाले कैंसर मामलों में शामिल है। उन्होंने बताया कि फास्टफूड, अधिक वसा युक्त आहार, रेड मीट, शराब और धूम्रपान जैसे कारकों से कोलन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, आनुवांशिक कारण, मोटापा, तनाव और शारीरिक निष्क्रियता भी इस बीमारी को बढ़ावा देते हैं।

### पहचान और लक्षण

विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार, इस बीमारी के शुरुआती चरण में कोई विशेष लक्षण दिखाई नहीं देते, लेकिन समय के साथ निम्नलिखित संकेत देखने को मिल सकते हैं। मल त्याग की आदतों में बदलाव (लगातार कब्ज या दस्त), मल में खून आना, पेट में लगातार दर्द या सूजन रहना, अचानक वजन घटना, कमजोरी और थकान महसूस होना है।

### निदान और उपचार

विशेषज्ञों के मुताबिक कोलन कैंसर की कोलोनोस्कोपी, मल परीक्षण, सीटी स्कैन और रक्त परीक्षण के माध्यम से प्रारंभिक अवस्था में पहचान की जा सकती है। यदि बीमारी का शीघ्र निदान हो जाए तो इसका इलाज संभव है। कोलन कैंसर के उपचार में सर्जरी, कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी जैसी चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग किया जाता है।

### बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

डॉ. सहरावत ने बताया कि कोलन कैंसर से बचने के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, अधिक फल और सब्जियों का सेवन तथा अल्कोहल और तंबाकू से दूरी बनाकर रखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के परिवार में पहले किसी को कोलन कैंसर हो चुका है, उन्हें नियमितरूप से स्क्रीनिंग टेस्ट कराना चाहिए।

# छात्रों को इंटरनेट के उपयोग व दुरुपयोग की जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में इंटरनेट डिडोक्सिफिकेशन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी राम हिमालयन यूनिवर्सिटी जौलीग्रांट के वरिष्ठ परामर्शदाता प्रशांत शाही एवं कु. बबीता भंडारी ने छात्रों को इंटरनेट के उपयोग व दुरूपयोग पर जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में इंटरनेट के माध्यम से दुनिया भर के लोगों से सोशल मीडिया व वीडियो कॉल के माध्यम से जुड़ना बहुत आसान हो गया है। वहीं हैकिंग और व्यक्तिगत जानकारी चोरी होने का खतरा भी बना हुआ है। इंटरनेट की लत के कारण ऑनलाइन गेमिंग की लत लग रही है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, जिससे हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. वसंतिका कश्यप, डॉ. राखी डिमरी, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. संदीप अग्रवाल और डॉ. प्रियंका अग्रवाल सहित छात्र संघ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगी तराना रावत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** 15 से 20 मार्च तक बिजू पटनायक स्टेडियम ओडिशा में आयोजित 26वीं यूथ नेशनल बालीबाल चैंपियनशिप 2026 में एमकेवीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कण्वघाटी की बारहवीं कक्षा की छात्रा तराना रावत ने उत्तराखण्ड की टीम से प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश कोठारी ने बताया कि बालीबाल फेडरेशन आफ इण्डिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में तराना रावत ने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कहा कि तराना रावत का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करना विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। वहीं विद्यालय के कार्यकारी निदेशक मयंक प्रकाश कोठारी सहित समस्त स्टाफ ने तराना रावत को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## बेसहारा गौवंश से निजात दिलाओ वरना

# पूर्व सैनिक 30 को तहसील में देंगे धरना

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने क्षेत्र में बेसहारा गौ वंश और आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि इनसे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार नगर निगम के लगभग प्रत्येक वार्ड में बेसहारा गौवंश दिखाई दे रहे हैं। ये गौ वंश काश्तकारों की फसल को बर्बाद करने के साथ ही आमजन पर हमलावर भी हो रहे हैं। वहीं सड़कों पर घूमते आवारा कुत्तों का झुंड भी आम जन के लिए परेशानी खड़ी कर रहा है। कहा कि इस संबंध में परिषद की ओर से कई बार निगम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तय किया गया कि इस संबंध में शासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए 30 मार्च को तहसील में ध्यानाकर्षण धरना दिया जायेगा। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को तेज किया जायेगा।

बैठक में गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, देवेन्द्र सिंह नेगी, बिरेंद्र सिह रावत, बलवान सिंह रावत, सुरेश सिंह रावत, अनूप बिष्ट, नरेंद्र सिह रावत, दलबीर सिंह रावत, संजय असवाल और हरीश खुगशाल सहित परिषद से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# ऋषिकेश विधानसभा की समस्याएं लेकर सीएम से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री प्रतीक कालिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से उनके आवास पर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल मिला, जिसमें उन्होंने ऋषिकेश विधानसभा की समस्याओं को रखा। सरकार के सफल चार वर्षों के कार्यकाल की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा संकल्प से समृद्धि तक के सफल चार वर्ष जनकल्याणकारी नीतियों एवं धरातलीय कार्यों का जीवंत उदाहरण हैं। भाजपा के जिला महामंत्री प्रतीक कालिया द्वारा ऋषिकेश विधानसभा की समस्याओं से अवगत कराया गया, जिसमें हरिपुर कलां भाग दो स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में लंबे समय से मुख्य विषय के प्रवक्ताओं की कमी है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। इन विषयों में हिंदी, गणित, विज्ञान मुख्य विषय शामिल है। साथ ही प्रतीक कालिया द्वारा लंबे समय से ऋषिकेश के व्यापारियों के हित के लिए ट्रांसपोर्ट नगर बनाए जाने की मांग को भी मुख्यमंत्री के सामने रखा गया। पत्र के माध्यम से उन्होंने अवगत कराया कि ऋषिकेश में एक ट्रांसपोर्ट नगर की नितांत आवश्यकता है इसके पूरा होने से जाम और पार्किंग जैसी मुख्य समस्याओं से शहर को निजात मिल सकती है। इस दौरान प्रतीक कालिया के साथ हरिपुर कलां का एक प्रतिनिधि दल भी उपस्थित रहा जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य मितिका शर्मा, पूजा ग्वाड़ी, लक्ष्मी जुगरान, मोहित शर्मा, धर्मेंद्र ग्वाड़ी, सुनील जुगरान उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों की गंभीरता को समझते हुए उन्हें संज्ञान में लिया और समस्याओं से तत्काल निजात दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही है।

# पत्नी की स्मृति में विद्यालय को भेंट की टेबिल टेनिस मेज व अन्य खेल सामग्री

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकी नगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को रोटरी क्लब के सदस्य राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. के एस नेगी ने अपनी धर्मपत्नी स्व. डॉ. संध्या नेगी की स्मृति में खेल सामग्री प्रदान की। इस पर विद्यालय परिवार ने क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि खेल सामग्री प्रदान करने से छात्र बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। डॉ. के एस नेगी ने कहा कि अपनी स्वर्गीय धर्मपत्नी की इच्छा के अनुसार वह विद्यालय को खेल सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। तत्पश्चात विद्यालय को टेबल टेनिस की मेज एवं खेल सामग्री प्रदान की गई। अंत में प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने विद्यालय परिवार की ओर से रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब के वर्तमान अध्यक्ष ऋषि ऐरन, पूर्व अध्यक्ष वाई.पी. गिलरा, सचिन गोयल, विजय माहेश्वरी, विद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक राकेश ऐरन व प्रबंधक कालिका प्रसाद नैथानी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# ट्रंप ने ईरान को भेजा 15 सूत्रीय युद्ध विराम प्रस्ताव

**वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान को 15 सूत्रीय युद्ध विराम प्रस्ताव पेश किया है। यह जानकारी एक ऐसे व्यक्ति ने दी, जिसे इसकी जानकारी है, लेकिन उसे सार्वजनिक रूप से इस मुद्दे पर बोलने की अनुमति नहीं है। यह युद्ध विराम प्रस्ताव पाकिस्तान के मध्यस्थों के जरिए ईरान को सौंपा गया है। पाकिस्तान द्वारा ही अमेरिका और तेहरान के बीच मध्यस्थता बातचीत की मेजबानी की पेशकश की गई है। अमेरिका द्वारा ईरान को यह प्रस्ताव ऐसे समय भेजा गया है, जब अमेरिकी सेना क्षेत्र में पहले से तैनात लगभग 50,000 सैनिकों के अलावा अपनी 82वीं एयरबोर्न डिवीजन से कम से कम 1,000 और सैनिकों को पश्चिम एशिया में तैनात करने की तैयारी कर रही है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया था कि 15 सूत्रीय योजना ईरानी अधिकारियों को सौंप दी गई है। इस बीच, पेंटागन दो मरीन यूनिट्स की तैनाती की प्रक्रिया में भी है, जिससे क्षेत्र में करीब 5,000 मरीन और हजारों नाविकों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। वहीं इस्राइल की सरकार, जो ट्रंप से ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने की वकालत कर रही थी, वे अमेरिकी प्रशासन द्वारा युद्ध विराम प्रस्ताव भेजे जाने से हैरान है। मध्य पूर्व में अतिरिक्त सैनिक और मरीन भेजने की अमेरिकी तैयारियों के बीच इस कदम को ट्रंप की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

## अमेरिका के साथ होने वाली बातचीत में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस हो मुख्य वार्ताकार-ईरान

**तेहरान (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान ने कथित तौर पर अमेरिका से कहा है कि वह विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जैरेड कुशनर के बजाय उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत करना पसंद करता है। सीएनएन प्रसारक की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है। सीएनएन के अनुसार ईरान ने अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान शुरू होने से पहले हुई पिछली बातचीतों की विफलता को लेकर श्री विटकॉफ और श्री कुशनर पर अविश्वास जताया।


Application Invited For The Post of
**Principal**
New School (Nursery to Class VIII[th])
Preferably Experience Required
**CAPTAIN A.V.S. GAHLOT PUBLIC SCHOOL**
Located at
Balkishanpur Chowk
Bijnor-Noorpur Road, Haldaur, Bijnor
Pls. Send Application :
Email.: recruitment@captainavsgahlotpublicschool.com
Contact No.7900626574
Please send Application with in Seven Days after Publication of this advertisement.
By
Management

**आवश्यकता है**
R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Pattern An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कला बिजनौर को
S.S.T और English विषयों को पढ़ाने के लिए टीचर (कक्षा 6 से 10 तक) की
स्टाफ के लिए आने व जाने की फ्री सुविधा भी उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- 8394838034, 8954568123, 9359888044

**आवश्यकता है**
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए Multihead Embroidery Machine के कुशल ऑपरेटर की आवश्यकता हैं।
योग्य व्यक्ति संपर्क करें।
मो- 8191819148

समस्त प्रदेशवासियों को
**चैत्रीय नवरात्र,**
मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामलला के पावन जन्मोत्सव
**'रामनवमी'** की
हार्दिक मंगलकामनाएं



अपील : धामपुर के प्राचीन सिद्ध पीठ माता द्रोपदी देवी मंदिर के गौरवशाली 92वें वार्षिकोत्सव पर 26 मार्च 2026, गुरूवार को निकाली जाने वाली विशाल मां भगवती शोभायात्रा में शामिल होने के साथ अपने मकान व व्यापारिक प्रतिष्ठान पर भव्य स्वागत करें।
धार्मिक व सामाजिक कार्यों में सदैव समर्पित भाव से योगदान का आकांक्षी
**नरेश सैनी**
'कैटर्स'
निकट श्री सांई मंदिर, मोहल्ला बाड़वान, धामपुर (बिजनौर)



नरेश कुमार सैनी (कैटर्स)

बिजनौर जनपद में
**एक मात्र CEAT TYRE STOP**
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन





ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
*नियम व शर्तें लागू
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312


**किराये हेतु** एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



**सांवलिया सेठ**
(श्याम बाबा) के
दर्शन करें।
**प्राचीन शिव मंदिर**
**अग्रवाल धर्मशाला**
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom






TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर